रक्षा लेखा नियंत्रक का कार्यालय, उदयन विहार, नारंगी, गुवाहाटी- 781171
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
UDAYAN VIHAR, NARANGI, GUWAHATI- 781171
फ़ैक्स/Fax:0361-2640204 फोन/Ph: 0361-2640394, 2641142

सं. प्रशा./हि.क./97/हि. पख/जि-4 दिनांक - 21/08/2019

सेवा में

प्रभारी अधिकारी

1. मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग — All Sections of M.O.
2. सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार) — All Sub- Offices (as per standard list)

विषय : **हिंदी दिवस / पखवाड़ा वर्ष 2019 का आयोजन** ।

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्मित वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्य के अनुसार राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों/उपक्रमों/निगमों आदि में हिंदी पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया है । इस आयोजन की सफलता के लिए आपसे अनुरोध है कि निम्नलिखित बिन्दुओं पर कार्रवाई सुनिश्चित करें :-

1. अपने अधीन अनुभागों/कार्यालयों में पर्याप्त संख्या में हिंदी पखवाड़ा की अवधि के दौरान दिनांक 01.09.2019 से 14.09.2019 तक कागज पर लिखा पोस्टर लगवाएं ताकि इसे व्यापक प्रचार-प्रसार मिले ।
2. पखवाड़े के दौरान अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा, जहां तक संभव हो, अपना आद्यक्षर (Initials) हिंदी में ही करने के लिए प्रेरित करें ।
3. हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त अधिकारियों / कर्मचारियों को इस अवधि के दौरान प्रयुक्त होने वाली फाइलों पर कम से कम एक पत्र की दर से अपना निपटान हिंदी में ही देने को प्रेरित करें ।
4. इस अवधि में न केवल हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दें बल्कि अंग्रेज़ी में प्राप्त पत्रों के उत्तर भी हिंदी में देने के प्रयास करें ।
5. सभी फाइलों एवं रजिस्टरों पर विषय आदि द्विभाषी में लिखवायें ।

पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताओं के आयोजन का निर्णय लिया गया है, जिसमें अधिक से अधिक अधिकारियों / कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरणा एवं उत्साह प्रदान करें ।

1. <u>हिंदी टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता</u> :- यह प्रतियोगिता दिनांक **04.09.2019** को 11:00 बजे से 12:00 बजे तक प्रशिक्षण कक्ष/ सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी । प्रतियोगिता का विषय कार्यालयीन पदों के अंग्रेज़ी एवं हिन्दी प्रारूप तथा कुछ नेमी प्रकार की टिप्पणियाँ रहेगी । प्रश्न-पत्र प्रतियोगिता आयोजन के पूर्व प्रशिक्षण कक्ष / सम्मेलन कक्ष (Training Hall / Conference Hall) में ही दिया जाएगा ।

यह प्रतियोगिता दो समूहों में आयोजित की जाएगी- (i) हिंदी-भाषी अधिकारी/ कर्मचारियों के लिए तथा
(ii) हिंदीतर अधिकारी /कर्मचारियों के लिए ।

जारी पृ/2...

2. <u>हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता</u> :- इस संगठन में कार्यरत सभी अधिकारी/ कर्मचारी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं । यह प्रतियोगिता दिनांक **05.09.2019** को 11:00 बजे से 12:00 बजे तक प्रशिक्षण कक्ष / सम्मेलन कक्ष (Training Hall / Conference Hall) में आयोजित की जाएगी । प्रतियोगिता का विषय प्रतियोगियों को उसी समय दी जाएगी। यह प्रतियोगिता सभी के लिए मुक्त होगी।

3. <u>हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता</u> :- यह प्रतियोगिता दिनांक **06.09.2019** को 11.00 बजे से 12.00 बजे तक कम्यूनिटी हॉल (Community Hall) में आयोजित की जाएगी । इस प्रतियोगिता में राजभाषा हिंदी, कार्यालयीन एवं सामान्य ज्ञान के आधार पर प्रश्न-पत्र तैयार किए जाएंगे । यह प्रतियोगिता सभी के लिए मुक्त होगी ।

4. <u>हिंदी अंताक्षरी प्रतियोगिता</u> :- इस प्रतियोगिता में सभी अधिकारी/कर्मचारी वर्ग भाग लेने के पात्र हैं । यह प्रतियोगिता दिनांक **09.09.2019** को 11.00 बजे से कम्यूनिटी हॉल (Community Hall) में आयोजित की जाएगी । यह प्रतियोगिता सभी के लिए मुक्त होगी ।

इस संबंध में इस कार्यालय के दिनांक 25.07.2014 के समसंख्यक पत्र का अवलोकन करते हुए आपके कार्यालय के लिए स्वीकृत नोडल कार्यालय (Nodal Office) से संपर्क करें । अधिक जानकारी के लिए मुख्य कार्यालय के हिंदी कक्ष से संपर्क किया जा सकता है । प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक स्थानीय अधीनस्थ कार्यालय के अधिकारी / कर्मचारी **03 सितंबर, 2019** तक अपना नामांकन हिंदी कक्ष को प्रस्तुत करें । ***आवश्यकता पड़ने पर प्रतियोगिताओं के समय व स्थान में परिवर्तन किया जा सकता है जिसकी सूचना समय रहते दी जाएगी ।***

सभी प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन इस कार्यालय के अधिकारियों की समिति द्वारा की जाएगी तथा इनमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए प्रतियोगियों का चयन किया जाएगा । पुरस्कार राशि संबंधी ब्यौरा निम्न प्रकार से है :-

1. प्रथम पुरस्कार /1st Prize	₹. 2000/-
2. द्वितीय पुरस्कार /2nd Prize	₹. 1750/-
3. तृतीय पुरस्कार /3rd Prize	₹. 1500/-
4. सांत्वना पुरस्कार /Consolation Prize	₹. 1000/-

विजेता प्रतियोगियों को 13.09.2019 को हिन्दी दिवस समारोह में रक्षा लेखा नियंत्रक महोदया के कर-कमलों द्वारा पारितोषिक एवं प्रमाण-पत्र दिया जाएगा ।

— xx ह xx —

सहायक निदेशक (रा.भा.)

प्रतिलिपि प्रेषित :-

1. मुख्य कार्यालय के सभी अधिकारी
2. सांस्कृतिक सचिव, डी.ए.आर.सी. गुवाहाटी
3. प्रशासन- 4 अनुभाग

(1–3) } सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

4. प्रभारी अधिकारी, ईडीपी केंद्र (स्थानीय) - र.ले.नि. गुवाहाटी के वैबसाइट में अपलोड करने हेतु।

रजत

सहायक निदेशक (रा.भा.)